Increase in safety standard

6850. SHRI YERRA NARAYANA-SWAMY: WiU the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Director General of Civil Aviation has increased safety standards for A.T.O.S.;

(b) if so, details of enhanced safety steps taken in 1994-95 by DGCA;

(c) whether an outside assesssment of safety has been done; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GULAM NABI AZAD): (a) and (b) Steps are continuously taken by Directorate General of Civil Aviation (DGCA) for enhancing the level of safety for all operators including Air Taxi Operators (A.T.O.s). Important steps taken in this regard by DGCA include safety audit of airlines/ A.T.O.s, proficiency and standardisation checks of pilots, random monitoring of fligth recorders, frequent, surveillance checks, checking of maintenance facilities of the organisations to ensure that the manpower, infrastructure and systems are adequate to carry out the specific type of maintenance work, organising safety seminars to create safety awareness amongst the operators, etc

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

एअर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स द्वारा भारत-खाड़ी क्षेत्र में अर्जित किया गया राजस्व

6851. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान इंडियन एयरलाइन्स और एयर इन्डिया ने कितना कितना राजस्व अर्जित किया ;

(ख) एयर इण्डिया और इण्डियन एयरलाइन्स द्वारा भारत खाड़ी क्षेत्र में किये गये परिचालन से प्राप्त राजस्व का प्रतिशत कितना है ; और

(ग) एयर इण्डिया और इण्डियन एयरलाइन्स ने इस क्षेत्र से राजस्व में वृद्धि करने के लिये क्या कदम उठाये हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री (गुलाम नबी आजाद) : (क) एयर इण्डिया और इण्डियन एयरलाइन्स के कुल अर्जित राजस्व का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रुपए में)

	एयर इण्डिया	इण्डियन एयर लाइन्स
1993.94	2767 96	उ1816.737
1994-95	3071.34 (अनन्तिम)	1456.65 (अनन्तिम) (अप्रैल – दिसम्बर 94)

(ख) भारत खाड़ी क्षेत्र में प्रचालन से एयर इंडिया और इण्डियन एयरलाइन्स द्वारा अर्जित राजस्व का प्रतिशत नीचे दिया गया है:—

	एयर इण्डिया	इण्डियन एयरलाइन्स
1993-94	30.6 प्रतिशत	6.00 प्रतिशत
1994-95	28.5 प्रतिशत	8.50 प्रतिशत अनन्तिम (अप्रैल – दिसम्बर 94)

(ग) एयर इण्डिया तथा इण्डियन एयरलाइन्स और अधिक यात्रियों को आकर्षित करने और अपना राजस्व बढ़ाने के लिए अपने उत्पाद, छवि और समय पर कार्य निष्पादन में सुधार करने के उपाय कर रही है, अतिरिक्त पात्रता और यातायात की मांग के आधार पर सेवाओं की संख्या में भी वृद्धि की जाएगी।